हिन्दुस्तान

1600 मेगावाट की होगी ओबरा में बनने वाली परियोजना

यूपी में दो नए प्लांट सस्ती होगी बिजली

कैबिनेट फैसला

लखनऊ, विशेष संवाददाता। यूपी में 18 हजार करोड़ की लागत से 800-800 मेगावाट की दो नई तापीय परियोजनाएं लगेंगी। सोनभद्र जिले के ओबरा में स्थापित होने वालीं इन परियोजनाओं को बुधवार को कैबिनेट की मंजूरी मिली। पहली परियोजना 50 महीने में, दूसरी 56 महीने में पूरी होगी। इन परियोजनाओं से बिजली उत्पादन शुरू होने पर प्रदेश में बिजली की उपलब्धता बढ़ जाएगी। इससे यूपी की उत्पादन निगम की क्षमता 7000 मेगावाट से बढ़कर 8600 मेगावाट हो जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बैठक में ऊर्जा विभाग के इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। यह परियोजना करीब 500 एकड़ जमीन में स्थापित की जाएगी। जमीन कम पड़ने पर सरकार उसका इंतजाम करेगी।

वैश्विक निवेशक सम्मेलन के दौरान एनटीपीसी के साथ यूपी सरकार ने इस परियोजना के लिए करार किया था। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि इन परियोजनाओं को एनटीपीसी के साथ 50-50 प्रतिशत हिस्सेदारी में पूरा किया जाएगा। इसमें 30 % की इक्विटी दी जाएगी, जबकि 70% राशि का प्रबंध वित्तीय संस्थानों से किया जाएगा।

05 सौ एकड़ जमीन उपलब्ध है, 400 एकड़ ली जाएगी

18 हजार करोड़ की लागत से लगेंगी परियोजनाएं

- अभी यूपी में बिजली उत्पादन की क्षमता 7000 मेगावाट
- अब क्षमता बढ़कर 8600 मेगावाट हो जाएगी

कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

प्रति यूनिट बिजली की उत्पादन लागत एक रुपये कम

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि यह प्लांट न सिर्फ प्रदेश का बल्कि पूरे देश का एनर्जी हब बन सकता है। अच्छी बात ये है कि बगल में ही कोल माइंस एनसीएल है, जहां से इन प्लांट को कोयला मिलेगा। कोयले की खपत के साथ इसकी ढुलाई में भी कम खर्च होने से काफी बचत होगी। फिलहाल हम 5 .50 रुपये प्रति यूनिट बिजली खरीदते हैं, जबकि इस प्लांट से हम 4 .79 रुपये प्रति यूनिट बिजली खरीद पाएंगे यानि उपभोक्ताओं को एक रुपये प्रति यूनिट सस्ती बिजली उपलब्ध करा पाएंगे।

ई-कारोबारियों को मिलेगा समाधान योजना का लाभ

लखनऊ। राज्य सरकार ने ई-कामर्स के गुड्स कारोबारियों को राहत देते हुए समाधान योजना का लाभ देने का फैसला किया है। › P02

यूपी में इस वर्ष लगाए जाएंगे 35 करोड़ पौधे

लखनऊ। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि 22 जुलाई को 'वन महोत्सव' के मौके पर 35 करोड़ पौधे प्रदेश में लगाए जाएंगे। › P02

यूपी की पहली अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल यूनिट होगी: यह राज्य की पहली अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल यूनिट होगी। इस तरह के प्लांट की तकनीक एडवांस होती है, इनकी एफिशिएंसी काफी ज्यादा होती है। एक तो कोयला नजदीक उपलब्ध है और उसका उपयोग भी कम होगा। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि थर्मल सेक्टर में यूपी की क्षमता 7000 मेगावाट है।